दिनांक : 15.06.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को वाराणसी से पीएम–किसान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा–शिप्रा तीर्थ परिक्रमा पुरातात्विक और आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को सहेजने और संवारने का माध्यम बनेगी।
- केंद्रीय दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का वर्चुअली षुभारंभ किया।

और

- जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेष में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन जारी।

..............

पीएम किसान निधि

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी करेंगे। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में 30 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य उच्च आय की स्थिति के कुछ बहिष्करण मानदंडों के अधीन सभी भूमि–धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 18 जून को कई केंद्रीय मंत्री किसानों से बातचीत करने और उनमें विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 50 कृषि विज्ञान केंद्रों का दौरा करेंगे और वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर से लगभग 2.5 करोड़ किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री– वापसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी इटली यात्रा को सार्थक बताया है। आज सवेरे इटली से नई दिल्ली वापस आने के बाद उन्होंने एक सोषल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह एक महत्वपूर्ण जी–7 षिखर सम्मेलन था, जहां उन्होंने विष्व मंच पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा में जी–7 संगठन के अतर्गत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। इस दौरान शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी प्रगाढ हुई है। श्री मोदी ने इटली के अपुलिया में कल जी–7 शिखर सम्मेलन में सत्र को संबोधित किया। उन्होंने भारत के ऊर्जा उपयोग में परिवर्तन के बारे में बताते हुये कहा कि इसकी परिकल्पना उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहा है। सभी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित भारत के एआई मिशन के बारे में प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि इस प्रौद्योगिकी का उद्देश्य सभी की प्रगति और भलाई को प्रोत्साहन देना होना चाहिए।

मुख्यमंत्री– षिप्रा तीर्थ परिक्रमा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में षिप्रा तीर्थ परिक्रमा का षुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा केवल यात्रा नहीं यह शिप्रा तट पर स्थित पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने, सहेजने, संवारने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री ने रामघाट पर शिप्रा की पूजा–अर्चना अभिषेक और आरती कर ध्वज का पूजन

किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नदी पुनरूद्धार एवं पौधरोपण के कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम में उज्जैन में खुली जेल कॉलोनी भैरवगढ़ का लोकार्पण किया। यहां 20 बंदी क्षमता की खुली जेल का निर्माण किया गया है, जिसमें बंदी अपने परिवार सहित निवास कर सकेंगे। इस खुली जेल की निर्माण लागत 3 करोड़ 25 लाख 48 हजार रुपए है।

रिजिजू–संसद सत्र

18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सदस्यों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव और फिर संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति का अभिभाषण होने की परंपरा है।

साहित्य अकादमी

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की आज घोषणा की। साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 24 लेखकों और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है। सभी चयनित लेखकों को 50 हजार रुपये और एक ताम्रपट्टिका प्रदान की जायेगी।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा

केंद्रीय दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज ग्वालियर में पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का वर्चुअली षुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन वायु सेवा के प्रारंभ होने से प्रदेष में पर्यटन की संभावनाओं को और मजबूती मिलेगी। इसके माध्यम से प्रदेश के आठ शहरों ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा गया है। राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा में आयोजित कार्यक्रम अवसर पर उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री  नारायण सिंह कुशवाह और पर्यटन , संस्कृति एवं धार्मिक राज्य मंत्री  धर्मेन्द्र सिंह लोधी शामिल हुए।

मंत्री–पौधरोपण

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज जनपद पंचायत कुरई के बावनथडी नदी के उद्गम स्थल पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण किया। इस अवसर पर मंत्री ने स्थानीय ग्रामीणों से प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए सभी तरह के जल स्रोतों एवं पर्यावरण के संरक्षण– संवर्धन करने की बात कही।

जल गंगा संवर्धन अभियान

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान वृहत स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में देवास जिले के ग्राम हरनावदा, शुक्रवासा, कणाबुजूर्ग, अजनास, जियागांव, गंधर्वपूरी सहित अन्य ग्रामों के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं पौधारोपण को बढावा देने के उद्देश्य से सीडबाल बनाने का काम शुरू किया है। नीमच जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज एसडीम प्रीति संघवी की उपस्थिति में जन अभियान परिषद के सहयोग से बालाजी मंदिर में सफाई हेतु श्रमदान किया गया। साथ ही पौधारोपण भी किया गया। अशोकनगर जिले में अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं को सरंक्षित करने के

लिए जीर्णोद्वार कार्य किये जा रहे हैं। पर्यटन नगरी चंदेरी के ग्राम मुरादपुर में स्थित प्राचीन छोटी बत्तीसी बावड़ी की आज साफ सफाई कर श्रमदान किया गया।

हज यात्रा

भारत सहित दुनिया भर से 20 लाख से अधिक हज यात्री आज सऊदी अरब पहुंचे हैं। इस वर्ष हज यात्रा में भारत से एक लाख 75 हजार से अधिक लोग गये हैं। इनमें से एक लाख 40 हजार हज यात्री भारतीय हज समिति के माध्यम से और लगभग 35 हजार निजी संचालकों के माध्यम से गए हैं। इस साल पांच हजार से अधिक भारतीय महिला हज यात्री बिना मेहरम या पुरुष अभिभावक के हज यात्रा पर गयी हैं।

तीन नए कानून

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय, कोलकाता में कल आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ शीर्षक से एक सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य तीन नए आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की विशेषताओं को बातचीत और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से सामने लाना है। पिछले वर्ष दिसंबर में राष्ट्रपति से मंजूरी प्राप्त होने के बाद यह कानून अगले महीने की पहली तारीख से लागू होंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- **छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने के दूसरे दिन 15 जून को एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। 16 एवं 17 जून को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन पत्र नहीं जमा किये जायेंगे।**
- देवास में अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित होने वाले योग प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन तथा आयुष विभाग ने स्थानीय तुकोजी राव पवार स्टेडियम मे योगाभ्यास मे सैकडो लोगो ने हिस्सा लिया।
- मुरैना जिले की ग्राम पंचायत सिकरोदा के रामरतन सिंह का पुरा में आज दोपहर आग लगने से आधा दर्जन से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। आग लगने का कारण अज्ञात होना बताया गया है।
- नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेत्री मेधा पाटकर ने आज से धार जिले के चीखल्दा के खेड़ा में अनिश्चितकाल हड़ताल प्रारंभ की। पाटकर का कहना है अभी तक संपूर्ण पुनर्वास नहीं हुआ है। उन्होंने बांध के जलस्तर को 122 मीटर तक ही सीमित किए जाने की मांग दोहराई है।
- नर्मदापुरम जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मछलियों के शिकार को रोकने बंद ऋतु घोषित किया गया है।
- टीकमगढ शहर में पेयजल संकट दूर करने के लिए उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के जमरार बांध से पानी छोडा गया।

..........